कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए अपनी परवाह किए बगैर अनवरत लोगों बीच काम कर रही है

भिलाई नगर/ महिला स्वास्थ्य कर्ता (ए. एन. एम.) ऐसा नाम जो सभी को पता है! क्योंकि कोरोनावायरस के संक्रमण की रोकथाम में इनकी भूमिका बहुत अहम है! जब कोरोना का प्रारंभिक दौर था तब इन्होंने घर-घर जाकर सर्वे किया था! लोगों से कोरोना के लक्षण से संबंधित जानकारी एकत्र की, घरों में पहुंचकर एक-एक सदस्यों से पूछताछ की! एक महिला गर्भवती होने के बावजूद लोगों को कोविड का टीका लगा रही है! कई महिलाओं के तो छोटे-छोटे बच्चे हैं फिर भी दोनों ही कार्यों को जिम्मेदारी पूर्वक कर रही है! इनके इस अदम्य साहस और आत्मबल की जितनी भी सराहना की जाए उतनी कम है! आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने इन सभी को साधुवाद देते हुए कहा कि इस कठिन परिस्थिति में भी लोगों के बीच रहकर कोरोनावायरस के संक्रमण की रोकथाम के लिए ऊर्जावान बनकर कार्य करना निश्चित रूप से इनके कर्तव्य निष्ठा को दर्शाता है! डॉक्टर जामगेड़े एवं सीपीएम तुषार वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि 5000 से 10000 लोगों के बीच एक महिला स्वास्थ्य कर्ता नियुक्त की जाती है! स्वास्थ्य विभाग के नेशनल हेल्थ मिशन के अंतर्गत यह कार्य करती है! लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना उनका प्रमुख उद्देश्य है! गर्भवती महिलाओं के सुरक्षित प्रसव से लेकर बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण का कार्य इनके द्वारा किया जाता है! खासकर स्लम बस्ती में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है! गर्भवती महिलाओं के प्रसव पीड़ा के दौरान एंबुलेंस एवं स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्था भी उनके कंधों पर है! अपने कार्य क्षेत्र में यह बीपी एवं शुगर की जांच भी करती है! कई दफा तो स्वयं के व्यय एवं वाहन के माध्यम से गर्भवती महिलाओं की मदद करती हैं! वर्तमान में कोरोनावायरस के संक्रमण की रोकथाम के लिए फील्ड में डटी हुई है! महिला स्वास्थ्य कर्ता अपनी उदारता एवं कर्तव्य निष्ठा की परिचायक है तथा कोरोना वारियर्स के रूप में कार्य कर रही है! आज महिला स्वास्थ्य कर्ताओं ने 54 केंद्रों में 2953 लोगों को कोविड का टीका लगाया!